**ब अदालत तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि0प्र0)**

1. श्री पंकज पुत्र मदन लाल, निवासी गांव कुठियाडी, तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि0प्र0)

2. श्रीमती प्रियंका पुत्री हंस राज, निवासी गांव दिलवां, तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि0प्र0)

बनाम

आम जनता

विषय.——प्रार्थना—पत्र जेरे धारा 8(4) विवाह पंजीकरण अधिनियम 1996 के अन्तर्गत पंजीकरण करवाने बारे।

श्री पंकज पुत्र मदन लाल, निवासी गांव कुठियाडी, तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि0प्र0) ने इस अदालत में प्रार्थना—पत्र मय शपथ—पत्र गुजारा है कि उसकी शादी श्रीमती प्रियंका पुत्री हंस राज, निवासी गांव दिलवां, तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि0प्र0) के साथ दिनांक 05—02—2022 को मुताबिक हिन्दू रीति—रिवाज के साथ हुई है और तब से बतौर पति—पत्नी आपस में रह रहे हैं जिसका पंजीकरण अज्ञानतावश पंचायत अभिलेख में न करवाया गया है तथा प्रार्थी अब इसे पंजीकृत करवाना चाहता है। रिपोर्ट स्थानीय पंजीकरण विवाह पंजीकरण ग्राम पंचायत कुठियाडी के अनुसार प्रार्थी की शादी दर्ज न हुई है।

अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार/मुस्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त शादी दर्ज करने बारे कोई उजर हो तो वह दिनांक 03—03—2025 को प्रातः 10.00 बजे या उससे पहले किसी भी दिन असालतन या वकालतन हाजिर अदालत होकर उजर पेश करें, अन्यथा नियमानुसार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को शादी दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 29—01—2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ है।

मोहर।

हस्ताक्षरित/—
तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
अम्ब, जिला ऊना (हि0प्र0)।

——————————

**ब अदालत जनाब कार्यकारी दण्डाधिकारी, ऊना, तहसील एवं जिला ऊना (हि0 प्र0)**

मिसल नं0 : 02/Corr./T/U/2025 किस्म मुकद्दमा : नाम दुरुस्ती तारीख पेशी : 04—03—2025

श्री कशमीर सिंह पुत्र पोहलो राम, वासी कोटला कलां, तहसील व जिला ऊना, हि0 प्र0 . . वादी।

बनाम

आम जनता . . प्रतिवादी।

इश्तहार राजपत्र हिमाचल प्रदेश/मुश्त्री मुनादी व चस्पानगी।

प्रार्थना—पत्र नाम दुरुस्ती प्रार्थी श्री कशमीर सिंह पुत्र पोहलो राम, वासी कोटला कलां, तहसील व जिला ऊना, हि0 प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना—पत्र दायर किया है कि उसका नाम राजस्व अभिलेख महाल निचला कोटला में सोहन सिंह पुत्र पोहलो दर्ज है जबकि मेरा सही नाम कशमीर सिंह पुत्र पोहलो राम है,

लिहाजा इसे दुरुस्त करके नाम सोहन सिंह उर्फ कशमीर सिंह पुत्र पोहलो राम किया जाए। प्रार्थी का शपथ पत्र, आधार कार्ड, विद्यालय प्रमाण–पत्र नकल जमाबन्दी तथा अन्य कागजात मिसल साथ संलग्न हैं।

अतः नोटिस इश्तहार राजपत्र, हिमाचल प्रदेश मुस्त्री मुनादी व चस्पानगी के माध्यम से आम जनता तथा सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त नाम दुरुस्ती बारे कोई उजर व एतराज हो तो तारीख पेशी 04–03–2025 को सुबह 10.00 बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन अपना एतराज अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त नाम दुरुस्त करने के आदेश दे दिएं जाएंगे। उसके उपरान्त कोई एतराज न सुना जाएगा।

आज दिनांक 04–02–2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित/–
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
ऊना, तहसील व जिला ऊना (हि0 प्र0)।

———————

**ब अदालत नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील दुलैहड़,**
**जिला ऊना (हि0प्र0)**

मिसल नं0 : 02/2025        तारीख मरजुआ : 03–02–2025        तारीख पेशी : 13–03–2025

1. त्रिलोचन सिंह पुत्र साधू, निवासी हलेडा विलना, उप–तहसील दुलैहड़, जिला ऊना, हि0 प्र0।
2. नरिन्दर कौर पुत्री स्वर्ण सिंह, निवासी गांव व डा0 वालीवाल, तहसील हरोली, जिला ऊना।

बनाम

आम जनता

विषय.—— प्रार्थना–पत्र बराए विवाह पंजीकरण अधिनियम, 1996 अधीन धारा 8(4) के तहत दर्ज करवाने बारे।

त्रिलोचन सिंह पुत्र साधू, निवासी हलेडा विलना, उप–तहसील दुलैहड़, जिला ऊना, हि0 प्र0 ने अपनी ओर से एक प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करके अनुरोध किया है कि उसकी शादी नरिन्दर कौर पुत्री स्वर्ण सिंह, निवासी गांव व डा0 वालीवाल, तहसील हरोली, जिला ऊना से दिनांक 10–03–1993 को हुई है जो कि ग्राम पंचायत हलेडा विलना के रिकार्ड में दर्ज न है और वह अपनी शादी का पंजीकरण ग्राम पंचायत हलेडा विलना में करवाना चाहते हैं।

इस सम्बन्ध में प्रार्थी त्रिलोचन सिंह पुत्र साधू, निवासी हलेडा विलना, उप–तहसील दुलैहड़, जिला ऊना, हि0 प्र0 व नरिन्दर कौर पुत्री स्वर्ण सिंह, निवासी गांव व डा0 वालीवाल, तहसील हरोली, जिला ऊना ने अपनी शादी की फोटो, शपथ पत्र व अन्य कागजात पेश किए जोकि संलग्न मिसल किए गए।

इस बारे में आम जनता को बजरिया इश्तहार अखबार/मुश्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को प्रार्थी त्रिलोचन सिंह पुत्र साधू, निवासी हलेडा विलना, उप–तहसील दुलैहड़, जिला ऊना, हि0 प्र0 व नरिन्दर कौर पुत्री स्वर्ण सिंह, निवासी गांव व डा0 वालीवाल, तहसील हरोली, जिला ऊना का विवाह तारीख 10–03–1993 का पंजीकरण ग्राम पंचायत हलेडा विलना के रिकार्ड में दर्ज करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन तारीख पेशी 10–03–2025 को सुबह 11.00 बजे अदालत में मुकाम उप–तहसील दुलैहड़ पेश कर सकता है। कोई एतराज व आपत्ति न होने की सूरत में विवाह पंजीकरण दर्ज करने के आदेश पारित कर दिये जाएंगे। इसके उपरान्त कोई आपत्ति एवं एतराज मान्य नहीं होगा।

यह इश्तहार मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित दिनांक 04—02—2025 को जारी हुआ है।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
उप—तहसील दुलैहड़, जिला ऊना (हि0प्र0)।

————————

**ब अदालत श्री राजन कुमार शर्मा, सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, उप—तहसील दुलैहड़, जिला ऊना (हि0प्र0)**

मिसल नं0 : 10 / 2025 तारीख दायर : 01—02—2025 तारीख पेशी : 20—03—2025

रधविन्दर पाल पुत्र राम प्रकाश पुत्र रखू, निवासी पोलियांबीत, उप—तहसील दुलैहड़, जिला ऊना, हि0 प्र0।

मुस्त्री मुनादी नाम दुरुस्ती राजस्व अभिलेख में दर्ज करने बारे इश्तहार समाचार पत्र / राजपत्र।

रधविन्दर पाल पुत्र राम प्रकाश पुत्र रखू, निवासी पोलियांबीत, उप—तहसील दुलैहड़, जिला ऊना, हि0 प्र0 ने इस न्यायालय में प्रार्थना—पत्र गुजारकर निवेदन किया है कि प्रार्थी का नाम रधविन्दर पाल पुत्र राम प्रकाश है लेकिन उसका नाम राजस्व कागजात के महाल पोलियांबीत, टिब्बिया, जननी व मल्लूवाल में रधुविन्दर पाल पुत्र प्रकाश दर्ज है जोकि गलत दर्ज हुआ है, इसलिए प्रार्थी का नाम राजस्व अभिलेख के महाल पोलियांबीत, टिब्बिया, जननी व मल्लूवाल में रधविन्दर पाल पुत्र प्रकाश उर्फ राम प्रकाश दर्ज किया जावे।

प्रार्थना—पत्र में नाम दर्ज करने बारे आम जनता को इश्तहार राजपत्र / मुश्त्री मुनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को प्रार्थी का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने बारे कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20—03—2025 को प्रातः 11.00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष / एतराज पेश कर सकते हैं। समय पर हाजिर न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

यह इश्तहार आज दिनांक 04—02—2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
सहायक समाईता द्वितीय श्रेणी,
उप—तहसील दुलैहड़, जिला ऊना (हि0प्र0)।

————————